वी.यू. में नवागत माननीय डॉ. एस.पी. तिवारी, कुलपति जी ने पदभार ग्रहण किया

जबलपुर। आज दिनांक 2 मार्च 2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति सभागार में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का श्रीगणेश नवागत माननीय कुलपति जी के आगमन पर वि.वि. के द्वार पर माननीय कुलसचिव एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ से व स्वागतोपरांत माननीय कुलपति जी को आसंदी ग्रहण कराई गई तथा इसके बाद माननीय कुलपति जी ने डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, पूर्व कुलपति जी व वि.वि. के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

स्वागत समारोह में डॉ. विनोद बाजपेयी, कुलसचिव जी ने नवागत डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, **कुलपति जी, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का पुष्प गुच्छ से स्वागत** व अभिनंदन किया, इसके बाद डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर ने श्रद्धेय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, पूर्व कुलपति जी का हृदय की गहराईयों तथा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत की श्रंखला में वि.वि. के प्रशासनिक अधिकारियों, अधिष्ठातागणों, संचालकगणों, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, कर्मचारियों ने नवागत माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी, कुलपति, ना. दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर का भव्य स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में माननीय कुलसचिव जी ने अपने उद्बोधन देते हुये कहा कि पूर्व कुलपति जी के चार वर्षीय कार्यकाल को बेहद उपलब्धियों भरा निरूपित किया और वि.

वि. के सर्वांगीण विकास में जो अथक प्रयास किये, उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुये, उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, यशस्वी व दीघायु जीवन की कामना करते हुये, भाववीनी बिदाई दी, साथ ही अपने वि.वि. की ओर से माननीय नवागत कुलपति जी को आस्वस्त किया कि वि.वि. में सभी के सहयोग व समन्वय से वि.वि. की प्रगति हेतु संकल्पित हैं।

उद्बोधन की कड़ी में डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, पूर्व कुलपति जी ने विचार व्यक्त करते हुये अभिव्यक्ति दी कि वि.वि. को सभी प्रशासनिक अधिकारी, संबंधित अधिष्ठातागण व संचालकगणों के साथ एक जुट होकर कार्य संपादित करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही आपने इस अवसर पर वि.वि. के हित में सृजनात्मक शैक्षणिक, अनुसंधान व विस्तार गतिविधियों में सक्रिय सहयोग हेतु सभी को साधुवाद देते हुये, सभी से मुलाकात की गई।

स्वागत समारोह के दौरान उद्बोधन की श्रंखला में माननीय नवागत डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी ने उद्गार के दौरान सर्वप्रथम **''माँ नर्मदा''** को नमन करते हुये कहा कि मैं यहाँ का अध्ययनरत् छात्र रहा और सर्वप्रथम 1984 में ज.ने.कृ.वि.वि. के अन्तर्गत **''अनुसंधान सहायक''** के रूप में सेवायें प्रदत्त की, इस अवसर आपने पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रख्यात वैज्ञानिकों/प्राध्यापकों को स्मरण करते हुये, उनकी उल्लेखनीय सेवाओं और उत्कृष्ठ कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही आपने वि.वि. के अधिकारियों व कर्मचारियों को परस्पर समन्वित प्रयासों के बिना कार्य को सफलतापूर्वक किया जाना संभव नही है, आपने सभी से वि.वि. में नियमानुसार व कार्य व्यवस्था को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने पर बल दिया। साथ ही वि.वि. में आय स्त्रोतों का सृजन, कौशल विकास प्रशिक्षण व उद्यमशीलता, पंचगव्य उत्पादों का प्रमाणीकरण जैसे अहम मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर डॉ. आर.पी. एस. बघेल, डॉ. यशपाल साहनी, श्री अजय सिंह ठाकुर, डॉ. जे.के.भारद्वाज, डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. मधुस्वामी, डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. जी.दास, इंजी. ए.के. सिंह, डॉ. ए.पी. सिंह, श्री रौनक मिश्रा, श्री एच.एन.सिंह, श्री अतीत रजक, श्रीमति किरण अहिरवार, कुमारी नताशा ल्यूक तथा वि.वि. के अधिकारियों व कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ब्रजेश सिंह द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)